# क्लस्टर टेबल टेनिस में आज खेले जाएंगे फाइनल मुकाबले



कमला नगर स्थित सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर में चल रही टेबल टेनिस प्रतियोगिता में शनिवार को प्रतिभा का प्रदर्शन करते खिलाड़ी • स्कूल

जासं, कानपुर : सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर कमलानगर में सीबीएसई क्लस्टर टेबल टेनिस चैंपियनशिप में विभिन्न आयुवर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबले हुए। फाइनल मुकाबले रविवार को होंगे।

अंडर-14 बालिका वर्ग में लखनऊ के एसएजे स्कूल की टीम ने विंटर्स को 3-0 से हराया। बालक वर्ग में सिंहानिया स्कूल की टीम ने रोमांचक मुकाबले में डीपीएस आजाद नगर को 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंडर-17 बालिका वर्ग में सिंहानिया स्कूल ने अयोध्या के जेबी अकादमी को 3-0 से तथा लखनऊ के एलपीएस स्कूल की टीम ने 3-0 से लखनऊ की एसकेडी टीम को पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अंडर-19 वर्ग में एलपीएस साउथ सिटी ने 3-1 से डीपीएस कल्याणपुर तथा अंडर-19 बालक वर्ग में सिंहानिया स्कूल की टीम ने एसएसडीसी टीम को 3-2 से शिकस्त दी।